# जोगेश्वर गर्ग ने नून हवाई पट्टी का निरीक्षण किया

**जालोर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने शुक्रवार को नून हवाई पट्टी का निरीक्षण किया।

राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसरण में 9 करोड़ की लागत से नून हवाई पट्टी पर सुदृढ़ीकरण, उन्नयन व सुविधा विकास के कार्य किये जाने हैं। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि नून हवाई पट्टी पर 65 हैक्टेयर भूमि है तथा इतनी ही भूमि आरक्षित रखी गई है। इसमें 5 हजार फीट लंबी नून हवाई पट्टी को 1 हजार फीट और आगे बढ़ाया जायेगा और हवाई जहाजों के खड़े रहने के लिए हैंगर इत्यादि का निर्माण किया जायेगा। साथ ही यहाँ पर यात्रियों के लिए वेटिंग लॉन्ज, बुकिंग काउंटर, सिक्युरिटी चैकिंग, स्टाफ क्वाटर्स का भी निर्माण किया जाना है। उन्होंने बताया कि हवाई पट्टी क्षेत्र के चारों ओर 7 फीट ऊँची बाउण्ड्री वॉल विद फेन्सिंग तैयार की जाएगी। जिससे नून हवाई पट्टी को रेग्युलर फ्लाइट्स उतरने के लिए राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जा सकें। उन्होंने बताया कि यहाँ फ्लाईंग स्कूल भी स्थापित की जायेगी। उन्होंने पब्लिक यूटिलिटी व आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में किया जावें।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंगारिया, पुखराज विराणा आदि उपस्थित रहे।



जालोर के पास नून हवाई पट्टी का निरीक्षण मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**लवकुश वाटिका का अवलोकन**

इससे पूर्व जोगेश्वर गर्ग ने गुरूवार सायंकाल वन विभाग की नवनिर्मित लवकुश वाटिका कालाघाटा, रणछोड़ नगर जालोर का अवलोकन किया ।

मुख्य सचेतक जोगोश्वर गर्ग ने नवनिर्मित लवकुश वाटिका में बनाई गई जिप लाईन एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूलों एवं फिसल पट्टियों क सराहना करते हुए वन विभाग के अधिकारियों को वाटिका के प्रचार-प्रसार करने तथा जालोर शहर के नजदीक प्रकृति के बीच बनी इस वाटिका को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचेतक ने वाटिका में बनाए गए प्रकृति पथ, 4 गजीबो हट, प्राकृतिक एनिकट, आगंतुकों के लिए बैठने के बैंजेच एवं लव कुश की बनाई गई मूर्तियों का अवलोकन किया। वन विभाग के कार्मिकों द्वारा जिप लाईन का उपयोग करके दिखाया।

उप वन संरक्षक जयदेवसिंह चारण ने जानकारी देते हुए कहा कि गत वर्ष लव कुश वाटिका में 1500 पौधे लगाए गए थे तथा गुरूवार को 100 पौधों का रोपण किया गया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने लव कुश वाटिका परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उपस्थित लोगों को अधिकाधिक वृक्ष लगाने की बात कही।

इस अवसर पर कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, उप वन संरक्षक जयदेव चारण सहित वन विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

## हादसों में घायल तीन जनों की मौत

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, राजीव गांधी नगर तथा बनाड़ थाना क्षेत्र में हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि मूलतः गोरखपुर उत्तरप्रदेश हाल पाल डीपीएस सर्किल क्लासिक एकेडमी के पीछे रहने वाले गोविंद पुत्र फू लचंद भारती ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका साला 29 वर्षीय महेश कुमार पुत्र रामसेवक यहां घर की सीढियां उतरते वक्त नीचे गिर गया। घायल होने पर उसे उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर वह बच नहीं पाया। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

इधर राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि बालेसर के पृथ्वीराज नगर निवासी कैलाश मेघवाल ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई 19 वर्षीय राजूराम यहां जोधपुर में लहरिया रिसोर्ट के सामने एक मकान पर सैनेट्री का काम कर रहा था। तब उसे करंट लग गया। जिस पर वह बुरी तरह झुलस गया। उसे उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया, बाद में मौत हो गई।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश के आगर स्थित गंगापुर का रहने वाला पीरूराम पुत्र बगदूराम मालवीय 25 अप्रेल को बनाड़ चौराहा के पास में सडक़ हादसे में घायल हो गया था। तब उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर उसकी गुरूवार को मौत हो गई। इस बारे में निजी अस्पताल के सुपरवाइजर उज्जैन के अंकित मरमट की तरफ से दुर्घटना की रिपोर्ट दी गई।

# जालोर नागरिक बैंक के नवीन भवन में कार्य शुरू



जालोर के राजेन्द्रनगर रोड स्थित नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के नवनिर्मित भवन का शुभारम्भ किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड का नवीन भवन राजेन्द्र नगर जालोर क्लब के पास शुक्रवार को प्रधान कार्यालय के विभागों का संचालन प्रारम्भ कर शुभारंभ किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट ने बताया कि भवन के शुभारंभ के अवसर पर पूजा व हवन का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के अध्यक्ष मोहन पाराशर, सहकारी विभाग के उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान, उपाध्यक्ष ललीत कुमार दवे, तथा संचालक मंडल के सदस्य मोहनलाल परमार, कनीष चौधरी, मोहम्मद इंसाफ बैग एवं पूर्व संचालक नारायण लाल भट्ट सहित बैंक के महाप्रबन्धक पोसाराम प्रजापत, अधिकारी देवेन्द्र त्रिवेदी, नेनाराम सुथार, धीरज कक्कड़, भगवानदास, अनिल जोशी, प्रमोद दवे, लक्ष्मण प्रजापत सहित बैंक के कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# डॉ. उपाध्याय की साहित्यिक सृजन यात्रा पर चर्चा की




मदन-सावित्री डागा साहित्य भवन में शब्दरंग संस्था की ओर से आयोजित सृजन यात्रा की परिचर्चा प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. कौशलनाथ उपाध्याय पर केन्द्रित रही।

**जोधपुर**, (कासं) । मदन-सावित्री डागा साहित्य भवन में शब्दरंग संस्था की ओर से आयोजित सृजनयात्रा की परिचर्चा प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. कौशलनाथ उपाध्याय पर केन्द्रित रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आकाशवाणी जोधपुर के पूर्व केन्द्र निदेशक और साहित्यकार डॉ. कालूराम परिहार बतौर मुख्य वक्ता थे जबकि विशिष्ठ अतिथि डॉ. पद्मजा शर्मा थी। उपाध्याय के काव्य संठाह की विवेचना करते हुए कहा दोनों वक्ताओं ने कहा कि कवि को सृष्टा होने से पहले दृष्टा होना होता है, तब ही शब्द की ताक़त से कविताओं में भय, चिन्ता, समस्याएं, संघर्ष, प्रेम, करूणा, सच्चाई, उमंग, हार-जीत, आस्था, विश्वास आदि के दर्शन होते हैं जो कि उपाध्याय की कविताओं में उभरकर सामने आते हैं।

साहित्य एवं रंगमंच की संस्था शब्दरंग की अध्यक्ष सुश्री रेणुका श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था व अतिथियों का अभिनन्दन किया तो अन्त में मुख्य अतिथि डॉ. कौशलनाथ उपाध्याय ने अपने रचना यात्रा के वृतान्त में बताया कि बनारस विश्वविद्यालय से विद्या अध्ययन के दौरान ही विद्वजनों के प्रभाव से साहित्य सृजन में क़दम रखा।

उन्होंने कहा कि कविता लेखन के लिये पठन आवश्यक है, कविता केवल रंजन के लिये नहीं बल्कि मानवीय मूल्यों की स्थापना करती है। हर लिखी चीज़ कविता नहीं होती जब तक उसमें आत्म सन्तुष्टि का भाव उद्वेलित ना हो। कविताओं में द्वन्द की चिंगारियां और बिजली की कौंध कब, कहां और कैसे निकलती है कोई नहीं जानता। अपने उद्बोधन के बाद उपाध्याय ने चुनिन्दा कविताओं का वाचन भी किया।

इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातनाम शाइर पद्मश्री शीन काफ़ निज़ाम, हबीब कैफ़ी, मीठेश निर्मोही, मोहनदास वैष्णव, प्रमोद वैष्णव, कमलेश तिवारी, मनीषा डागा, दीप्ती कुलश्रेष्ठ, किशोरी लाल रैगर, सत्येन्द्र छिब्बर, राकेश मूथा, हरि प्रकाश राठी, अशफाक़ अहमद फ़ौजदार, नवीन पंछी, आशा पाराशर, रामकिशोर फिड़ौदा सहित साहित्यकार, रंगकर्मी तथा शिक्षाविद् उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन मधुर परिहार ने किया तथा डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी, आरोपी भागा

**जोधपुर**, (कासं) । चांदणा भाखर स्थित राजीव गांधी कॉलोनी में रहने वाले एक युवक को शेयर बाजार में इंवेस्ट करने के नाम पर 6.75 लाख की ठगी का शिकार बनाकर आरोपी भाग गए। पीड़ित ने अदालत की शरण ली और इस्तगासे के माध्यम से रातानाडा थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी है। पुलिस ने पांच लोगों को नामजद कर अब जांच आरंभ की है।

पुलिस के अनुसार राजीव गांधी कॉलोनी चांदणा भाखर गली नंबर 5 निवासी त्रिलोक कुमार पुत्र रतनलाल प्रजापत ने यह रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि बाड़मेर के नेहरू नगर निवासी ओमप्रकाश, हनुमानगढ़ के पीलीबंगा निवासी वकील सिंह, उत्तरप्रदेश के वैरोना देओरिया निवासी जावेद अंसारी, चूरू जिले के काकलासर का बजरंगलाल एवं देहरादून उत्तराखंड के मोहित सैनी ठगी ने ठगी की है।

रिपोर्ट के अनुसार परिवादी त्रिलोक कुमार के किसी परिचित द्वारा एक कम्पनी ट्रेड ईलेवन फायर डॉट कॉम के बारे में बताया गया था, जिसका सेमिनार उक्त लोगों द्वारा नवम्बर 2023 एवं 11 फरवरी 2024 को एक होटल में किया गया था। जिसके अनुसार कम्पनी सदस्य बनाकर रूपए नियोजित करवाती थी। कम्पनी द्वारा शेयर्स मार्केट में रूपए नियोजित करवा कर बड़ा मुनाफा दिलवाया करती थी।

परिवादी को बताया गया कि उसका पैसा एक वर्ष में दोगुना कर लौटाया जाएगा। इस झांसे में आए त्रिलोक राम ने अलग-अलग समय पर नकद व ऑनलाइन माध्यम से 6 .75 लाख रूपए कम्पनी में निवेश कर दिए। आरोपियों द्वारा कम्पनी का एक अधिकृत कार्यालय फ्लेट संख्या 101, दासपा हाउस, रातानाडा में था।

# गोचर में रह रहे परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित



ग्राम पंचायत मांडोली के राजस्व ग्राम भूतवास में गैर मुमकिन गोचर श्रेणी में परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने को लेकर ग्रामीण जालोर कलैक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर के निकट ग्राम पंचायत मांडोली के राजस्व ग्राम भूतवास में खसरा नंबर 32, 35 और 37 पर एससी-एसटी वर्ग के लोग वर्षों से निवास कर रहे हैं। यह भूमि गैर मुमकिन गोचर श्रेणी में दर्ज है। इन परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामवासियों ने भूमि को आबादी भूमि में बदलने की मांग की है। पहले भी प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा जा चुका है। गोचर की क्षतिपूर्ति के लिए भूतवास के सिवायचक खसरा नंबर 119/297 और 227 में भूमि उपलब्ध है। 23 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत मांडोली में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने इस मुद्दे को उङ्गाया था। उन्होंने जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर समस्या से अवगत कराया था। इसके जवाब में कलेक्टर ने मौखिक रूप से निर्देश दिया था कि निवासी परिवार 1985 से पहले के भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करें। ग्रामीणों ने वह दस्तावेज जिला प्रशासन को सौंप दिए हैं। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द भूमि का दर्जा बदला जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

## प्रथम ध्वजा एवं वर्षगाठ महोत्सव समारोह संपन्न

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकटवर्ती हिम्मतपुरा श्री गोगाजी कृषि फार्म स्थित श्री गोगाजी महाराज मंदिर की प्रथम ध्वजा एवं वर्षगाठ महोत्सव समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समारोह की पूर्व संध्या पर भजन संध्या एवं रमेल का आयोजन हुआ जिसमें सैकडो लोगो ने भाग लिया।

श्री गोगाजी कृषि फार्म हिमतपुरा में आयोजित समारोह में योगीराज मंहत तपतगिरी महाराज, साध्वी संध्यागिरी महाराज गोलाणा, मफतलाल माली (भोपाजी) कलापुरा का पावन सानिध्य रहा साथ ही रेवदर आबूरोड विधायक मोतीराम कोली किसान निम्बज राजसायबोसा भवानी सिंह देवडा निम्बज ठाकुर मोहन सिंह देवडा नेता किसान संघ संभाग मंत्री सुजानसिंह वडवज अतिथि रहे।

जशवनपुरा भाजपा पर्व महामंत्री भगवानसिह चेकला, हिरसिंह किबला, भाजपा नेता रामसिंह धुरपडा, भगवान सुथार अनोपसिंह वडवज पने सिंह हिराराम देवासी जेनतीलाल राजपुरोहित हिरसिह राजपुत वडवज अनोपसिंह परियार वरिष्ठ पत्रकार ईश्वर लाल सैन जशवनपुरा सहित निम्बज केशुआ वडवज अनापुर सिरोही जालोर क्षेत्र के श्रद्धलुओं सहित सैकडों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अभद्रता का आरोपी डॉक्टर ए.पी.ओ.

**पाली**, (निसं)। पाली जिला कांग्रेस की महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष रेखा परिहार के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोपी डॉक्टर रमेशचंद्र को सीएमएचओ डॉक्टर विकास मारवाल ने एक आदेश जारी कर शुक्रवार को एपीओ किया।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस की पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा परिहार को बीपी की तकलीफ हुई तो वह अपने भाई और अन्य रिश्तेदार के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बूसी में गुरुवार रात को पहुंची, जहां कार्यरत डॉ. रमेश चन्द्र, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी और नर्सिंगकर्मी ने अभद्र व्यवहार और गाली-गलौच की और इलाज नहीं किया। इसको लेकर वीडियो भी सामने आया। रात को रानी थाना पुलिस की बुलाया गया और उनकी गाड़ी दिलवाई गई तब जाकर वे इलाज के लिए पाली पहुंचे। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा कांग्रेस रेखा परिहार का इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता चुन्नीलाल चाड़वास, महबूब टी आदि पहुंचे और मामले में शुक्रवार को जिला कलेक्टर मंत्री को ज्ञापन सौंपा और दोषी डॉक्टर और नर्सिंगकर्मी के खिलाफ करवाई को लेकर ज्ञापन दिया। इस मौके बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने शुक्रवार को एक आदेश जारी किया। जिसमें डॉ. रमेश चन्द्र, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बूसी को 5 जून की रात्रि में महिला मरीज व उनके परिजनों के साथ किए गए गाली-गलौच, अभद्र व्यवहार को लेकर उनका मुख्यालय संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जोन जोधपुर कार्यालय किया। डॉ. रोहिताश बाहरठ को अग्रिम आदेशों तक चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, सामुदायिक स्वा. केन्द्र बूसी का दायित्व दिया गया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान आयोजित



काजरी कृषि विज्ञान केंद्र जोधपुर एंव कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन चामू, मंडोर, पीपाड़ सिटी में किया।

**जोधपुर**, (कासं)। काजरी कृषि विज्ञान केंद्र जोधपुर एंव कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन चामू, मंडोर, और पीपाड़ सिटी में किया गया इसमें किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। काजरी कार्यकारी निदेशक डा. सुमन्त व्यास ने कहा कि गावों में कृषि तकनीकी हस्तांतरण को गति प्रदान की जायेगी ताकि कृषि उत्पादन बढे एवं आमदनी ज्यादा हो । संस्थान द्वारा किसानों को पूरा सहयोग एवं सुविधाऐं प्रदान की जायेगी ।

केवीके अध्यक्ष, डॉ. बीएस राठौड ने किसानो को नवीन तकनीकी एवं बकरी पालन को वैज्ञानिक विधि से अपनाकर आय बढ़ाने के बारे में जानकारी दी । विभागाध्यक्ष डा. एसपीएस तंवर डा. आरके कांकाणी डा. रितु मावर, डॉ कुलदीप जादौन एवं डॉ अर्चना वर्मा ने एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत जोधपुर के विभिन्न ब्लॉको में वृक्षारोपण किया वैज्ञानिकों ने किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, संरक्षित खेती, आधारित पोषण वाटिका, उन्नत बीज की किस्मों मृदा स्वास्थ्य और वर्षा जल प्रबंधन के बारे में बताया।

जिले के 3 ब्लाक के चामू, मंडोर, और पीपाड़ सिटी में 3 तकनिकी टीमों के केवीके विषय विशेषज्ञ आरआर मेघवाल, चंदना एमआर एवं ऐ मौनिका तथा कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी पुरखा राम, राजेन्द्र सिंह नरुका, एवं श्रीराम बैरवा ने योजनाओं की जानकारी दी किसानों ने कहा कि साल भर खेती से पैसा मिलता रहे इसके लिए कृषि की तकनीकियों एवं मॉडल को अपनायेंगें। उन्होंने आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रमों में कुल 1732 किसानो ने बढ़ चढकर भाग लिया।

## योग दिवस पर नाकोड़ा में कार्यक्रम

**बालोतरा**, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाला जिला स्तरीय कार्यक्रम इस बार प्रमुख पर्यटक स्थलो पर होगा।

नोडल अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि बालोतरा जिले में 21 जून को अंतर्राष्टीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम नाकोडा तीर्थ स्थल पर आयोजित किया जाएगा। इस हेतु आयुर्वेद विभाग एवं जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है।

उन्होंने योग दिवस को सफल बनाने के लिए सभी आमजन से अनुरोध करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करके कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित होवे।

## निर्जला एकादशी पर जल विभाग ने की जल सेवा

**बालोतरा**, (निसं)। ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर, जब भीषण गर्मी अपने चरम पर है। जल विभाग ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जनसेवा करने की अपनी परंपरा को निभाते हुए विभिन्न स्थानों पर जल सेवा शिविरों का आयोजन किया। इस पहल से आम राहगीरों को तपती धूप और प्यास से काफी राहत मिली।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज भुवन ने बताया कि शु वार को जिला मुख्यालय पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत 10 जगहों पर जल सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शहर के मुख्य चौराहों, बस स्टैंडों और भीडभाड वाले इलाकों में जल विभाग के कर्मचारियों ने शीतल जल के स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया, जिससे लोग अपनी प्यास बुझा सकें। यह सेवा सिर्फ धार्मिक आस्था का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी पर जल का दान अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है और लोग बिना पानी के व्रत रखते हैं। जल विभाग का प्रयास आम जनता को राहत पहुंचाने में सहायक सिद्ध हुआ।

# क्रिकेट का फाइनल आज



जालोर के सिलावटान मोहल्ला में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर स्थित सिलावटों का मोहल्ला किले की घाटी जालौर में चिल्ला ए मलिक सा दातार के वसी मैदान में सिलावटान प्रीमियर लीग सीजन 4 रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज गुरुवार की रात्रि शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, पूर्व पार्षद अयूब शेख, समाजसेवी रहमान खान, समाजसेवी मुश्ताक खान एवं, पूर्व पार्षद अफरोजा बानो के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता के प्रभारी असलम खान डी एवं मोहसिन खान ने बताया कि सिलावट समाज की क्रिकेट प्रतिभाओ को तराशने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें समाज की कुल 21 टीमें भाग ले रही है। जिसमें 15 सीनियर वर्ग और 6 जूनियर वर्ग है, प्रतियोगिता 3 दिन तक चलेगी। प्रतियोगिता का फाइनल शनिवार को खेला जाएगा।

मैच के प्रारंभ में अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय कर मैच की शुरुआत करवाई गई।

उद्घाटन मैच सिलावट स्टॉक क्लब एव वसीम वॉरियर्स के बीच खेला गया। जिसमें स्टॉक क्लब विजेता रहा। प्रतियोगिता का आयोजन असलम खान डी, मोहसिन खान एम, मुफ्ती मोहम्मद जीशान अली द्वारा किया जा रहा है। अतिथि शहजाद खान ने कहा की खेल से मानसिक व शारीरिक, बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। हमेशा खिलाडी को खेल की भावना से खेलना चाहिए । रात्रि कालीन प्रतियोगिता को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है और काफी संख्या में दर्शक मैच देखने के लिए आ रहे है।

इमरान खान, सिराजुद्दीन खान, अरशद खान, अल्ताफ खान, हबीब रहमान, वसीम अकरम, शाहनवाज खान, इरफानखान, रफीक खान, शहजाद ह्यद्म,, बंटू हब्शी सहित समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद थे।